23/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री और श्री तोबगे ने थिम्पू में भारत सरकार की सहायता से बनाए गए एक अत्याधुनिक **ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा मातृ एवं शिशु अस्पताल** का उद्घाटन किया। एक सौ पचास बिस्तरों वाला यह अत्याधुनिक अस्पताल भूटान में गुणवत्तायुक्त मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र भरा। श्री खांडू तवांग जिले के मुकतो निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार है। तवांग जिले के जांग अपर जिला उपायुक्त कार्यालय में श्री पेमा खांडू ने उनके मंत्रीमंडल और समर्थको की उपस्थिति में नामांकन पत्र भरा। अपने सोशल मिडिया पोस्ट में श्री खांडू ने कहा कि मुक्तो-3 विधानसभा क्षेत्र से एक उम्मीदवार के रुप में नामांकन भरना उनके लिए खास दिन रहा। लोगों से बातचीत करते हुए श्री खांडू ने पूरे राज्य और संबंद्ध निर्वाचन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। तवांग में शुक्रवार को सेरिंग दोरजी ने भी भाजपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र भरा।

000000000000000000000

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मौजूदा विद्याक निनोंग ईरिंग ने कल पासीघाट निर्वाचन क्षेत्र के लिए रुकसिन चुनाव कार्यालय में नामांकन पत्र भरा। श्री ईरिंग ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट वेस्ट निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारुढ़ भाजपा की अधिकारिक उम्मीदवार है।

श्री ईरिंग के नामांकन पत्र भरते वक्त सिनियर भाजपा और क्षेत्र के पंचायती लिर्डस उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले चुनाव में श्री ईरिंग कांग्रेस टिकट से विद्याक के रुप में चुना गया था। बाद में वे सत्तारुढ़ पार्टी में शामिल हुए और चुनाव अधिसूचना निकलने के बाद पार्टी टिकट के लिए आवेदन किया।

0000000000000000

ईस्ट सियांग जिला स्थित जवाहरलाल नेहरु कॉलेज पासीघाट के अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग़ ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय के तत्वाधान में गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश लोक-कथाओं और मिथको की खोज नामक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। जे एन सी प्रिसिपल डॉ तासी तालोह ने सेमिनार का उद्घाटन करते हुए अंग्रेजी विभाग से भविष्य में इस तरह के ओर भी कार्यक्रम का आयोजन करवाने को कहा। डॉ विश्वारुप चेटर्जी की अध्यक्षता में सेमिनार में टेक्निकल सत्र के दौरान प्रदेश और प्रदेश से बाहर से तीस पेपर्स प्रतुस्त किए गए। सेमिनार में पश्चिम बंगाल से डॉ विश्वारुप चटर्जी, श्रेया चक्रवर्ती और स्नेहा मजूमदार और झारखंड के केंद्रीय विश्वविद्यालय से नवानिता चटर्जी सेमिनार में उपस्थित थे।

00000000000000000

ईस्ट सियांग जिले मे पिछले दो दिनों में उड़ान दस्ते ने करिबन बत्तीस हजार चार सौ दस मूल्य के आई एम एफ एल के अलावा इकतीस लाख पचानवे हजार सात सौ नकद धनराशि जब्त की है।

आधिकारिक सूचना के अनुसार खोज अभियान के दौरान पुलिस ने मिरमिर चारआली क्षेत्र से एक लाख़ पचास हजार, कालीबारी के निकट से छब्बीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ रुपये और राणेघाट क्षेत्र से छिहत्तर हजार पांच सौ रुपए की धनराशि जब्त की है।

0000000000000000000

राज्य में बड़ा राजनीतिक उलटफेड़ में कांग्रेस लिडर और दो बार विधायक ताकाम पारियों ने अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। जबकि पालीन निर्वाचन क्षेत्र से उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में मनोनीत किया गया था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ब्यूराम वाहगे, पालीन निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में श्री पारियो भाजपा में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस ने पारियो के भाजपा में शामिल होने को कड़ी निंदा की है। प्रदेश राज्य कांग्रेस पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पारियों द्वारा पार्टी टिकट के आवेदन को ध्यान में रखते हुए उन्हें पालीन क्षेत्र के उम्मीदवार के रुप में मनोनीत करने के बावजूद श्री पारियो टिकट लेने कांग्रेस ऑफिस नहीं पहुंचा बल्कि भाजपा ऑफिस जाकर भाजपा पार्टी में शामिल हो गए।

00000000000000000

भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने शुक्रवार को थिम्पू में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन का बहुत बड़ा दिन है।

उन्होंने कहा, हर पुरस्कार खास होता है, लेकिन जब किसी को दूसरे देश से पुरस्कार मिलता है तो इससे पता चलता है कि दोनों देश सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

00000000000000000000

आगामी लोकसभा चुनाव में 18 से 19 वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ अस्सी लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। पहली बार मत देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'आई वोट फॉर श्योर' जैसे कई सोशल मीडिया अभियान चलाए जा रहे हैं।

000000000000000000000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड- सीबीएसई ने कदाचार में लिप्त होने के कारण 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द की है। इनमें दिल्ली के पांच विद्यालय भी शामिल है। सीबीएसई की एक अधिसूचना में कहा गया है कि बोर्ड के औचक निरीक्षण में परीक्षा नियमों की अनदेखी की गई और कई विसंगतियां पाई गईं। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि ये स्कूल डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल करने जैसे विभिन्न कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड ठीक से नहीं रख रहे थे।

0000000000000000000